

वर्ष 1 - अंक 74
गुरूवार 13 फरवरी 2025- कुल पृष्ठ - 4
RNI - NO. MPHIN/2015/64585

# रणजीत टाइम्स

## अनजान कॉल आने पर रखी हमने अगर सावधानी...तो नही चल पाएंगी सायबर क्रिमिनल्स की मनमानी..

### आकाशवाणी के माध्यम से इंदौर पुलिस ने समझाई लोगों को ये बात

आदित्य शर्मा, 8224951278
सहसंपादक रणजीत टाइम्स



इंदौर। वर्तमान में बढ़ते साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिये, इसके प्रति लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से, पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में, इंदौर पुलिस द्वारा लगातार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी अनुक्रम में आकाशवाणी इंदौर केंद्र के साथ मिलकर चलाये जा रहे लाइव रेडियो टॉक कार्यक्रम में आज दिनांक 12.02.25 को अति. पुलिस उपायुक्त क्राइम इंदौर श्री राजेश दंडोतिया द्वारा अनजान कॉल के दौरान होने वाले फ्रॉड की संभावनाओं पर चर्चा कर इससे बचने के लिए ध्यान रखने वाली बातों को विभिन्न केस स्टडी के माध्यम से बताया । कार्यक्रम के दौरान इंदौर सहित विभिन्न शहरों के कई श्रोताओं ने सायबर अपराधों पर सवाल पूछें, जिनका एडीशनल डीसीपी ने जवाब देकर लाखों श्रोतागणों को सायबर अपराधों से बचने के संबंध में जरूरी टिप्स देते हुए जागरूक करने का प्रयास किया।

इसी कड़ी में अति. पुलिस उपायुक्त क्राइम इंदौर श्री राजेश दंडोतिया द्वारा RJ सुश्री चारु के साथ एक पॉडकास्ट भी बनाया गया जिसमें अनजान apk file, फर्जी लिंक या इस प्रकार के रिमोट ऐप्प द्वारा किये जाने वाले विभिन्न सायबर फ्रॉड के तरीकों व उनसे बचने के लिए ध्यान रखने वाली सावधानियां व सुरक्षा उपाय बताएं। एडीशनल डीसीपी ने उक्त पॉडकास्ट के माध्यम से आम नागरिकों से अपील करी कि, जागरूकता ही इन अपराधों से बचने का एकमात्र समाधान है। अतः डिजिटल वर्ल्ड में हमेशा जागरूक और सतर्क रहें तथा अन्य लोगों को भी जागरूक करें।



केंद्रीय संचार मंत्री और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज राजधानी आगमन पर पूर्व गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा से निवास पर सौजन्य भेट की। श्री मिश्रा ने श्री सिंधिया का आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान दोनों के बीच समसामायिक विषयो पर चर्चा हुई।

## संत शिरोमणि श्री रविदास महाराज जी की जयंती पर जावरा कंपाउंड स्थित भाजपा कार्यालय पर किया गया संगोष्ठी का आयोजन








आदित्य शर्मा, 8224951278
सहसंपादक रणजीत टाइम्स

इंदौर। 12 फरवरी 2025।संत शिरोमणि श्री रविदास महाराज जी की जयंती पर जावरा कंपाउंड स्थित भाजपा कार्यालय पर संगोष्ठी आयोजित की गई सर्वप्रथम सभी उपस्थित अतिथियों ने संत शिरोमणि श्री रविदास जी महाराज एवं महापुरुषों के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री सत्यनारायण सत्तन जी ने कहा कि संत शिरोमणि श्री रविदास महाराज जी के जीवन से हमें आने को महत्वपूर्ण शिक्षाएं मिलती है जैसे संत की कोई जाति नहीं होती समस्त समाज के आराध्य होते हैं उनकी शिक्षाओं को केवल एक दिन मनाने से काम नहीं चलेगा उनके बताए गए मार्ग को उनकी दी गई शिक्षा को आत्मसात करके हमें अपने प्रति दिन के जीवन में उतारना चाहिए संत शिरोमणि श्री रविदास महाराज की तरह हमारे गुरु गोलवलकर जी ने भी उनकी शिक्षाओं को आत्मसात करते हुए सभी को अपना माना और संगठन में छुआछूत को जगह नहीं दी स्व.श्यामा प्रसाद मुखर्जी, स्व. दीनदयाल उपाध्याय एवं स्व.अटल बिहारी जी ने भी संगठन में इस शिक्षा को आगे बढ़ाया जिसका पालन आज तक किया जा रहा है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि संत शिरोमणि श्री रविदास महाराज कहते थे कि मन चंगा तो कठौती में गंगा अगर हमारी आत्मा व विचार पवित्र है तो हमारे घर में ही मंदिर बन जाता है। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष श्री सुमित मिश्रा ने कहा कि संत शिरोमणि श्री रविदास महाराज द्वारा लिखे गए दोहे ,गीत एवं उनकी वाणी को सिख समाज के ग्रंथों में भी बड़े सम्मान से जगह दी गई है वे एक महान संत थे उनके बताए गए मार्ग पर चलकर हम अपने जीवन को सार्थक बना सकते हैं। इस अवसर पर अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री कैलाश जाटव, विधायक श्री गोलू शुक्ला पूर्व अध्यक्ष श्री कैलाश शर्मा वरिष्ठ भाजपा नेता श्री गोपी कृष्णा नेम,सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष श्री प्रताप करोसिया,श्री सूरज केरो, श्री जगमोहन वर्मा, श्री घनश्याम शेर, श्री दीपेंद्र सोलंकी, श्री रामदास गर्ग,श्रीमती मुद्रा शास्त्री,अनुसूचित जाति मोर्चा के नगर अध्यक्ष श्री दिनेश वर्मा, श्री बबल देव,श्री सरबजीत गौड एवं अरुण पेंढारकर शाहिद बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शिवपुरी में बढ़ती अश्लीलता

## छेड़छाड़ और धार्मिक आस्थाओं पर हमलों के विरोध में सौंपा ज्ञापन





रणजीत टाइम्स (ऋषि गोस्वामी)

**शहर में बढ़ती अश्लीलता, छेड़छाड़, लव जिहाद और धार्मिक आस्थाओं पर हो रहे हमलों के विरोध में मातृशक्ति दुर्गावाहिनी शिवपुरी ने आज पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा।**

**शिवपुरी।** संगठन ने हाल ही में हुई घटनाओं पर कड़ी नाराजगी जताते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि ग्वालियर बायपास पर चाचा-भतीजी पर हमला और विवेकानंद कॉलोनी में नाबालिग बच्ची के साथ कुकृत्य के प्रयास जैसी घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिससे समाज में आक्रोश है। संगठन ने पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई किए जाने की सराहना की, लेकिन साथ ही चेतावनी दी कि अगर ऐसी घटनाओं पर लगाम नहीं लगाई गई तो समाज को आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

### संगठन ने रखी ये मांगें

1. शहर के होटलों और कैफे में पारदर्शिता सुनिश्चित कर सख्त निगरानी रखी जाए।
2. मंदिरों व धार्मिक स्थलों के आसपास सुरक्षा बढ़ाई जाए और मोबाइल मॉनिटरिंग की व्यवस्था की जाए।
3. महिला हेल्पलाइन नंबर जारी किया जाए, जिससे महिलाएं तुरंत शिकायत दर्ज करा सकें।
4. शहर में 24 घंटे पुलिस पेट्रोलिंग व्यवस्था लागू की जाए।
5. सीसीटीवी कैमरों की निगरानी बढ़ाई जाए, जहां कैमरे नहीं हैं, वहां नए कैमरे लगाए जाएं।
6. कोचिंग सेंटर, जिम और स्कूलों के आसपास असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।
7. अब्दुल्ला खान नामक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके अवैध निर्माणों पर कार्रवाई की जाए।

संगठन ने साफ कहा कि यदि प्रशासन शीघ्र ठोस कदम नहीं उठाता है तो हिंदू समाज उग्र आंदोलन करेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## संत रविदास जयंती कार्यक्रम

श्री संत रविदास जी की जयंती के उपलक्ष्य में जय अम्बे युवा शक्ति संगठन के तत्वावधान में माह खिचडी वितरण का आयोजन किया गया जिसमें गोलू सुनहरे अज्जु यादव रतन जी परमार घनश्याम जी पटेल राहुल जनोलिया कपिल शुभम लेखराज गहलोत सूरज चौहान पियांशु ठाकुर संजय ठाकुर जितेन्द्र मिनवा रवि सोलंकी एवम अन्य ग्रमीण जन उपस्थित थे एवं सभी ग्राम वासियों ने बड़े हर्ष उल्लास के साथ रविदास जयंती का कार्यक्रम बनाया।

क्या आप भी बनना चाहते हैं
जनता की आवाज ?
तो जुड़िए रणजीत टाइम्स न्यूज़पेपर के साथ
और बनिए जनता की सशक्त आवाज
आपकी खबर, आपकी ताकत!
जुड़ने के लिए अभी संपर्क करें
9827068888, 8224951278
आपका रणजीत टाइम्स
जनताकीआवाज

### शिवपुरी में कार स्टंट कर रहे छात्रों पर कार्रवाई

# VIDEO: 5 गाड़ियों पर 32 हजार का जुर्माना लगाया ई-चालान जारी किया





रणजीत टाइम्स (ऋषि गोस्वामी)

शिवपुरी में एक प्राइवेट स्कूल के कार्यक्रम के बाद कुछ छात्रों ने चलती कारों से खतरनाक स्टंट किए, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में छात्र चलती कारों की खिड़कियों से बाहर निकलकर जानलेवा करतब नजर आए। एसपी अमन सिंह राठौड़ ने यातायात प्रभारी रणवीर यादव को कार्रवाई के निर्देश दिए। यातायात विभाग ने वीडियो की जांच कर पांच कारों की पहचान की। इनमें सतनवाडा सकलपुर के अर्जुन सिंह, शंकर कालोनी के दिव्यांश सोनी, लकी गार्डन के शान खान, मुढेनी के आर्यन सिंह और झांसी रोड के सुखपाल के वाहन शामिल थे। सभी वाहनों पर 6,500 रुपए का ई-चालान जारी किया गया, जिससे कुल जुर्माना 32,500 रुपए हुआ।

**कड़ी कार्रवाई की जाएगी**

यातायात प्रभारी रणवीर सिंह यादव ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यातायात नियमों का उल्लंघन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी अगर कोई वाहन चालक स्टंटबाजी या खतरनाक ड्राइविंग करते पाया गया, तो उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी

# कलेक्टर ने जारी किए प्रतिबंधात्मक आदेश

रणजीत टाइम्स



**इन्दौर।** कलेक्टर आशीष सिंह ने कॉपी, किताबों और यूनिफॉर्म के संबंध में (एकाधिकार) मोनोपोली समाप्त करने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 (1) (2) के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। इससे स्कूल संचालकों, प्रकाशकों एवं विक्रेताओं की एकाधिकार प्रवृत्ति को खत्म किया जा सकेगा तथा लोक प्रशान्ति विक्षुब्ध होने से रुकेगी।

यह प्रतिबंधात्मक आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। इसका उल्लंघन करने वाले व्यक्ति, संस्था के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। स्कूलों द्वारा उक्त आदेश को नहीं मानने पर संबंधित स्कूल के प्राचार्य, संचालक के साथ ही स्कूल के प्रबंधन बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के समस्त सदस्य भी दोषी होंगे। जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के अनुसार विद्यालय संचालक/प्राचार्य स्कूल में संचालित प्रत्येक कक्षा के लिये अनिवार्य पुस्तकों की सूची/यूनिफार्म की जानकारी विद्यालय के परीक्षा परिणाम जारी होने के पूर्व ही अपने स्कूल की वेबसाईट पर अनिवार्य रूप से अपलोड करेंगे एवं विद्यालय परिसर में सार्वजनिक पटल/स्थान पर चस्पा करेंगे। विद्यालय संचालक/ प्राचार्य द्वारा विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को पुस्तकें एवं कॉपियां, सम्पूर्ण यूनिफार्म आदि सम्बन्धित स्कूल/संस्था अथवा किसी एक दुकान/विक्रेता/संस्था विशेष से क्रय किये जाने हेतु बाध्य नहीं किया जायेगा।

मान्यता नियमों के अन्तर्गत स्कूल की स्वयं की वेबसाइट होना अनिवार्य है। स्कूल के प्राचार्य संचालक पुस्तकों की सूची की एक प्रति प्रवेशित अभिभावकों को प्रवेश के समय एवं परीक्षा परिणाम के समय आवश्यक रूप से उपलब्ध करायेंगे एवं कम से कम 03 पुस्तक/ यूनिफार्म विक्रेताओं का नाम सत्र प्रारंभ होने के 01 माह पूर्व वेबसाईट पर अपलोड कराना सुनिश्चित करेंगे।

विद्यालय संचालक/प्राचार्य विक्रेता द्वारा पुस्तकों के सेट की कीमत बढ़ाने हेतु अनावश्यक सामग्री जो निर्धारित पाठ्यक्रम से संबंधित नहीं है, का समावेश सेट में नहीं किया जायेगा। कोई भी विक्रेता किसी भी कक्षा के पूरे सेट को क्रय करने की बाध्यता नहीं रखेगा। यदि किसी विद्यार्थी को पुरानी किताबें उपलब्ध हो तो उसे जिसकी आवश्यकता है, केवल उन किताबों को विक्रेता द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा। विद्यालय प्रशासन द्वारा यूनिफार्म का निर्धारण इस प्रकार किया जायेगा कि कम से कम 3 वर्ष तक उसमें परिवर्तन न हो।

## इंदौर की बेटी ने पानी में गोता मार निकाले दो स्वर्ण सहित तीन पदक

रणजीत टाइम्स

**इन्दौर।** इंदौर की होनहार बेटी पलक शर्मा ने हाल ही में 38वीं राष्ट्रीय खेल के तहत गोताखोरी प्रतियोगिता में दो स्वर्ण सहित तीन पदक हासिल किये है।

पलक शर्मा को राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में हाई बोर्ड और एक मीटर गोताखोरी में स्वर्ण तथा तीन मीटर गोताखोरी में रजत पदक प्राप्त हुआ है। इनके प्रशिक्षक के रूप मां रमेश व्यास थे। इंदौर की यह बालिका बाल्यकाल से ही खेलों के प्रति बेहद रुचि रखती थी। उसने खेल का अपना सफर 8 वर्ष की उम्र में प्रारंभ किया था। चार वर्ष बाद मात्र 12 वर्ष की उम्र से उसने प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त करने का सिलसिला प्रारंभ कर दिया, जो आज तक अनवरत जारी है। पलक ने खेलों के प्रति अपने समर्पण और जज्बे से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में लगातार बेहतर प्रदर्शन करते हुए अनेक महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की। पलक के खाते में कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धियां है। पलक को वर्ष 2021 में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार और वर्ष 2022 में मध्यप्रदेश का सर्वोच्च पुरस्कार एकलव्य सहित कई प्रतिष्ठित पुरस्कार भी प्राप्त हुए हैं। इसके अलावा उनकी उपलब्धियों को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल के तहत चल रहे "बेटी बचाओं- बेटी पढ़ाओं" अभियान का ब्रांड एंबेसडर भी बनाया गया। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक के बाद एक लगातार पदक जीत कर पलक विश्व फलक पर इंदौर का परचम फहरा रही है। हाल ही में उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेल में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल होने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पलक शर्मा को शुभकामनाएं देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की। अपने शुभकामना संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि भविष्य में भी सफलता के नये कीर्तिमान स्थापित कर प्रदेश और देश का नाम गौरवान्वित करती रहो।

## 14 फरवरी तक बंद रहेगा समग्र पोर्टल

रणजीत टाइम्स

इन्दौर। समग्र पोर्टल को 2.0 में अपग्रेड किया जा रहा है , जिससे 14 फरवरी तक समग्र पोर्टल बंद रहेगा। लोक सेवा केन्द्र प्रबंधक ने बताया कि एमपीएसईडीसी द्वारा संचालित समग्र पोर्टल एवं समस्त संबंधित एप्लीकेशंस समग्र पोर्टल, एसपीआर, बीपीएल पोर्टल और बेव सर्विसेज फॉर एपीआई को शीघ्र ही नये सर्वर इंफा पर माइग्रेट करने की प्रक्रिया की जानी है, इसलिए नए सर्वर इंफ्रा पर माइग्रेट करने से समग्र एप्लीकेशन की दक्षता और कार्यक्षमता में सुधार होकर समग्र एप्लीकेशन के माध्यम से बेहतर सेवाएँ प्रदान की जा सकेंगी। अपडेशन कार्य हेतु 14 फरवरी तक समग्र पोर्टल एवं समस्त संबंधित एप्लीकेशंस को पूर्णतः बंद रखा जाएगा

## विधानसभा क्षेत्र सांवेर में 96 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से 6 हजार से अधिक परिवारों को प्रधानमंत्री आवास की सौगात

रणजीत टाइम्स

**इंदौर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प को साकार करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रत्येक गरीब एवं बेघर परिवार को पक्का मकान प्रदान किए जाने के लिए तेजी से प्रयास किये जा रहे हैं। इन प्रयासों के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत इंदौर जिले की सांवेर विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2015 से वर्ष 2024-25 तक 96 करोड़ 09 लाख रुपये की लागत से कुल 6152 आवास स्वीकृत किए गए हैं, जिसमें से 2446 पात्र हितग्राही परिवारों को आवास प्रदान किए जा चुके हैं। योजना अंतर्गत जनपद पंचायत सांवेर में वर्ष 2015 से वर्ष 2024-25 तक 49 करोड़ 88 लाख रुपये की लागत से कुल 3563 आवास स्वीकृत किए गए हैं, जिसमें से 1203 पात्र हितग्राही परिवारों को आवास प्रदान किए जा चुके हैं। जनपद पंचायत इंदौर में वर्ष 2015 से वर्ष 2024-25 तक 23 करोड़ 46 लाख रुपये की लागत से कुल 1698 आवास स्वीकृत किए गए हैं, जिसमें से 752 पात्र हितग्राही परिवारों को आवास प्रदान किए जा चुके हैं। इसी प्रकार नगर परिषद, सांवेर में वर्ष 2015 से वर्ष 2024-25 तक 12 करोड़ 75 लाख रुपये की लागत से कुल 491 पात्र हितग्राही परिवारों को आवास प्रदान किए जा चुके हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत नगर परिषद सांवेर में 10 करोड़ रुपये की लागत से 400 पात्र हितग्राही परिवारों को आवास प्रदान किए जाना प्रस्तावित है, जिसमें वर्तमान में 198 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट द्वारा शेष 2760 आवासों के संबंध में हितग्राहियों का सर्वे किया जाकर पात्र हितग्राही परिवारों की सूची बनाए जाने एवं आवास प्रदान किए जाने संबंधी निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं। इस योजना के तहत कच्चे मकानों में रहने वाले या बिना छत वाले परिवार को पक्के मकान बनवाने के लिए आर्थिक सहायता भी दी जाती है, जिसमें सभी आवश्यक सुविधा उपलब्ध होती है।

## आपके पार्सल में ड्रग्स हैं... खाकी को भी नहीं छोड़ रहे साइबर अपराधी

रणजीत टाइम्स

**इंदौर।** साइबर अपराधी अब पुलिस को भी नहीं छोड़ रहे है। ऐसा ही एक मामला मध्य प्रदेश के इंदौर से सामने आया है। जहां असली पुलिसकर्मी को नकली पुलिसकर्मी ने वीडियो कॉल आया। अपराधी ने कहा कि आपके पार्सल से ड्रग्स जब्त हुआ है, आपको डिजिटल अरेस्ट किया जा रहा है। जब असली पुलिस ने अपनी वर्दी दिखाई तो साइबर अपराधी ने आनन-फानन में कॉल काट दिया। इसका वीडियो भी सामने आया है।इंदौर ग्रामीण डीएसपी उमाकांत चौधरी के पास एक फर्जी वीडियो कॉल आया। यह कॉल साइबर अपराधी ने नकली पुलिसकर्मी बनकर किया था। कॉलर ने कहा कि कॉल मत काटना... आपके पार्सल से ड्रग्स जब्त हुआ है, आपको डिजिटल अरेस्ट किया जा रहा है। जब डीएसपी उमाकांत ने चेहरे के साथ अपनी वर्दी दिखाई तो साइबर अपराधी ने खुद ही कॉल काट दिया।वहीं डीएसपी उमाकांत चौधरी ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी पुलिस को भी नहीं छोड़ रहे है तो आप क्या है ? इस तरीके से ये आपको भी कॉल वीडियो कॉल करेंगे, आपको डर दिखाकर डिजिटल अरेस्ट करेंगे और फिर पैसा वसूलेंगे। उन्होंने कहा कि इस तरह से कोई डिजिटल अरेस्ट नहीं होता है, इसलिए आपको सावधान रहने की जरूरत है।आपके पास भी इस तरह से कोई कॉल या डिजिटल अरेस्ट की धमकी देने वालों का फोन आता है, तो तुरंत सायबर सेल से संपर्क करें। आपको किसी तरह की साइबर अपराध की जानकारी मिलती है तो उसकी शिकायत अपने नजदीकी पुलिस थाने में या www.cybercrime.gov.in या cyber crime help line (toll free) नंबर 1930 पर कॉल करें।

# क्या कांग्रेस वाकई एक डूबता जहाज है ?

**रणजीत टाइम्स**

**भारत को 2014 में मिली असली आजादी के बाद भाजपा से लगातार जूझ रही कांग्रेस को दिल्ली विधानसभा चुनाव में जनता द्वारा नकारे जाने के बाद क्या ये लगने लगा है कि -कांग्रेस अब एक डूबता जहाज है और अब कोई दूसरा दल इस पर सवारी नहीं करना चाहेगा ? सवाल जायज भी है और इस पर विमर्श भी होना चाहिए। बल्कि यूं कहें कि इस मुद्दे पर विमर्श शुरू भी हो चुका है। 2026 में होने वाले बंगाल विधानसभा चुनावों के लिए तृणमूल कांग्रेस ने इंडिया गठबंधन में रहने या कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव लड़ने से इंकार कर इस विमर्श का श्रीगणेश कर दिया है।**



इस बात में कोई दो राय नहीं हो सकती कि देश में सत्तारूढ़ भाजपा के खिलाफ मोर्चा लेने में कांग्रेस शुरू से अग्रणीय रही है। 2014 के लोकसभा चुनाव में मात्र 44 सीटों पर सिमटी कांग्रेस ने मैदान नहीं छोड़ा। भाजपा ने तब 286 सीटें अकेले दम पर जीती थीं। पांच साल लगातार विपक्ष में बैठने के बावजूद कांग्रेस अपने ढंग से काम करती रही और 2019 के चुनाव में कांग्रेस 44 सीटों से बढ़कर 52 सीटों पर आ गयी। कांग्रेस के लिए हालाँकि ये कोई बड़ी उपलब्धि नहीं थी ,लेकिन कुल 8 सीटें ज्यादा हासिल कर कांग्रेस को थोड़ी -बहुत ऊर्जा जरूर मिली। डूबते को तिनके का सहारा होता है।

लगातार दूसरी जीत के बाद भाजपा की चाल,चरित्र और चेहरे में अप्रत्याशित रूप से बदलाव आया। भाजपा ने अपने दूसरे कार्यकाल में पूरी ताकत से अपने एजेंडे पर काम करना शुरू किया। जम्मो-कश्मीर से धारा 370 हटाई, अयोध्या में राममंदिर बनाने का रास्ता साफ़ कर मंदिर का निर्माण कार्य शुरू कर उसे पूरा भी किया और लगातार एक के बाद एक राज्यों में अपनी बढ़त बनाई ,लेकिन कांग्रेस पीछे नहीं हटी। कांग्रेस ने अपने सहयोगी दलों के साथ भाजपा के दांत खट्टे करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। भाजपा की नफरत के मुकाबले मुहब्बत की दुकान खोली। पूरे देश में दो बार पदयात्रा कर जन-जागरण की कोशिश की ,परिणाम स्वरूप 2024 के आम चुनाव में कांग्रेस जहाँ 52 से आगे बढ़कर 99 पर पहुंची ,वहीं भाजपा का 400 पार का सपना चकनाचूर हो गया और भाजपा 240 पर सिमिट गयी।

भारत की राजनीति में कांग्रेस का उत्थान और पतन होता ही रहा है। एक लम्बी दास्तान है कांग्रेस के उत्थान और पतन की। 4 जून 2024 के बाद पिछले 9 महीने में देश में जितने भी विधानसभाओं के चुनाव हुए हैं उनमें से कर्नाटक,केरल,हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड को छोड़ कांग्रेस कहीं भी भाजपा का विजय रथ नहीं रोक सकी। दिल्ली विधानसभा चुनाव में तो कांग्रेस का सूपड़ा ही साफ़ हो गया ,और इसी के साथ कांग्रेस की अगुवाई में बने आईएनडीआईए यानि इंडिया गठबंधन में विखराव शुरू हो गया। दिल्ली विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस का साथ और हाथ दोनों छोड़े और सत्ता से बाहर हो गयी। महाराष्ट्र में भी भाजपा ने कांग्रेस की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। हरियाणा में भी कांग्रेस के जीत के सपने को तोड़ा और अब उसका निशाना कांग्रेस के साथ इंडिया गठबंधन भी है।

भाजपा बिहार में विधानसभा के चुनाव से पहले कांग्रेस और इंडिया गठबंधन की कमर तोड़ देना चाहती है। बिहार में चुनाव इसी साल अक्टूबर में होना है। अगले साल बंगाल का नंबर है। बिहार विधानसभा चुनावों से पहले बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने कांग्रेस के साथ गठबंधन करने से इंकार कर दिया है। बिहार में कांग्रेस का राजद से गठबंधन है। यहां क्या होगा कहना कठिन है। लेकिन कांग्रेस के लगातार अकेले पड़ने की वजह से जहाँ देश में क्षेत्रीय दल एक-एककर भाजपा के शिकार बन रहे हैं वहीं कांग्रेस के वजूद पर भी प्रश्नचिन्ह भी लगते जा रहे हैं। ये तय है कि कांग्रेस जिस मुखरता से हार-जीत की परवाह किये बिना भाजपा का मुकाबला कर रही है उतनी दम देश के किसी और राजनीतिक दल में नहीं है। कांग्रेस का साथ न देकर बीजद ने उड़ीसा खोया है तो आम आदमी पार्टी ने दिल्ली गंवा दी है और यदि तृणमूल कांग्रेस भी यही गलती करती है तो तय मानिये की उसका हश्र भी बीजद और आम आदमी पार्टी जैसा ही होगा।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी 2026 का विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी। कांग्रेस के साथ अपनी पार्टी के गठबंधन से उन्होंने इनकार किया है, क्योंकि उसने कांग्रेस को ' डूबता जहाज ' मान लिया है। लेकिन सवाल ये है कि क्या सचमुच ममता बनर्जी की पार्टी जैसा सोच रही है वैसा ही दूसरे विपक्षी दल भी सोच रहे हैं ? अभी तक उद्धव ठाकरे की शिव सेना हो या तेजस्वी यादव की राजद या अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी ,इन सभी ने कांग्रेस का न हाथ छोड़ा है और न साथ। जब तक ये सभी कांग्रेस के साथ हैं तब तक कांग्रेस को डूबता जहाज मानना टीएमसी की एक भूल के सिवाय कुछ भी नहीं है। आपको बता दें की ममता बनर्जी ने अपने विधायकों और मंत्रियों से कहा कि टीएमसी 294 सीटों वाली राज्य विधानसभा में दो-तिहाई बहुमत के साथ 2026 का चुनाव अपने दम पर जीतेगी।

मुझे न ममता बनर्जी के आत्म विश्वास पर संदेह है और न कांग्रेस के डूबने को लेकर कोई शक। लेकिन मेरा मानना है कि कांग्रेस विहीन भारत की कल्पना को साकार करने में भाजपा को अभी लम्बी लड़ाई लड़ना पड़ेगी। कांग्रेस का डीएनए अमीबा जैसा है। अमीबा कभी मरता नहीं है। अमीबा जितना विखंडित होता है उतना ही विकसित होता जाता है। कांग्रेस पिछले सवा सौ साल में दर्जनों बार विभाजित,पराजित हुई है लेकिन समाप्त नहीं हुई ,अर्थात उसका जहाज कभी भी टाइटेनिक की तरह समुद्र की सतह में नहीं समाया। कांग्रेस डूबकर भी हर बार सतह पर आयी है। न भी आये तो देश कहीं जाने वाला नहीं है।

कांग्रेस विहीन भारत कैसा होगा इसकी कल्पना न ममता बनर्जी को है और न अरविंद केजरीवाल को। जिन्हें है वे कांग्रेस के साथ खड़े हैं ,जिन्हें जाना है वे जायेंगे भी। कांग्रेस शायद ही जाने वालों की चिरोरियाँ करे। कांग्रेस को लड़ने की आदत है ,चिरोरियाँ करने की नहीं। कांग्रेस का मौजूदा नेतृत्व कांग्रेस की दशा-दुर्दशा की समीक्षा खुद करेगा। नहीं करेगा तो भाजपा के गाल में समा जाएगी कांग्रेस। लेकिन ऐसा समय कब आएगा ,कहना कठिन है। हमें अभी अक्टूबर में बिहार का घमासान भी देखना है और अगले साल बंगाल का भी। भविष्य में किसका जहाज डूबेगा और किसका नहीं ये देखना बाकी है।

# अन्नदाताओं की मेहनत पर फिरा पानी,लहसुन ले डूबा

**रणजीत टाइम्स**

**नीमच।** देश की सबसे बड़ी मसाला और औषधि उपज मंडी के रूप में प्रसिद्ध नीमच कृषि उपज मंडी इन दिनों लहसुन की भारी आवक के बावजूद कीमतों में भारी गिरावट के कारण चर्चा में है. जहां बीते साल लहसुन के दाम 50 हजार रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंचे थे. इस बार यह 6 से 8 हजार रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर आ गया है. इस भारी गिरावट ने किसानों की चिंताओं को बढ़ा दिया है और वे अपनी मेहनत का उचित मूल्य न मिलने से हताश नजर आ रहे हैं। कृषि उपज मंडी में इस समय लहसुन के औसत दाम 6 से 8 हजार रुपये प्रति क्विंटल के बीच बनी हुई है. जो लगातार काम होते जा रहा है. इस साल किसानों ने पिछले सालों की तुलना में अधिक रकबे में लहसुन की खेती की. जिससे उत्पादन में भारी वृद्धि हुई है. मंडी में लहसुन की बंपर आवक हो रही है. जिससे कीमतों में कमी आई है. किसानों को यह डर है कि आगे दाम और न गिर जाएं. इसलिए वे कच्ची-पक्की लहसुन की बड़ी मात्रा लेकर मंडी आ रहे हैं. जिससे बाजार में आपूर्ति अधिक हो रही है. प्रतिबंधित चाइनीज लहसुन चोरी-छुपे भारतीय बाजार में आ रही है. जिससे भाव में असर पड़ रहा है। किसानों की मांग है कि प्रतिबंधित चाइनीज लहसुन के अवैध प्रवेश को रोकने के लिए सरकार सख्त कदम उठाए. विदेशों से लहसुन आयात करने वाले सभी मार्गों पर कड़ी निगरानी रखी जाए और सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा करे. इसे कम से कम 15,000 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित करे. बंपर उत्पादन और कमजोर बाजार परिस्थितियों के चलते किसानों की आर्थिक स्थिति पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है. किसानों को इस स्थिति से उभारने के लिए सरकार को प्रभावी कदम उठाने होंगे. जिससे उन्हें उनकी मेहनत का उचित दाम मिल सके।

# चीफ ने की मां नर्मदा की पूजा

**रणजीत टाइम्स**



**अनूपपुर।** मध्य प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी अमरकंटक पहुंचे। जहां उन्होंने मां नर्मदा की पूजा अर्चना की। पीसीसी चीफ हाथी प्रतिमा के नीचे से भी निकले। वहीं उन्होंने मुख्यमंत्री और पूर्व सीएम को चुनौती दी है। पटवारी ने कहा कि अमरकंटक आएं और हाथी की प्रतिमा के नीचे से निकलकर दिखाएं।एमपी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने बुधवार को अमरकंटक पहुंचकर नर्मदा मंदिर में मां नर्मदा का पूजन कर अभिषेक किया। इस अवसर पर पुष्पराजगढ़ के विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को सहित कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे। जीतू पटवारी ने मां नर्मदा मंदिर में विधि विधान के साथ पूजा पाठ किया। उन्होंने कहा कि मां नर्मदा का दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। साथ ही प्रदेश के नागरिकों के कल्याण और सुख समृद्धि के लिए मां नर्मदा से कामना करता हूं। इस दौरान पटवारी मंदिर परिषर में लगी हाथी प्रतिमा के नीचे से निकलकर मनोकामना की पूर्ति की।

जीतू पटवारी ने कहा कि अमरकंटक की हाथी मूर्ति को लेकर मान्यता है "यदि इसके नीचे से निकल जाते हैं, तो क्लेशों से मुक्ति और मनोकामना की पूर्ति हो जाती हैं। मां नर्मदा के उद्गम स्थल पर पुण्य सलिला की कृपा से, हाथी प्रतिमा के नीचे से निकलकर माई के दरबार में दंडवत प्रणाम किया। 2 वर्ष पहले पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने 100 करोड़ की लागत से अमरकंटक में नर्मदा कॉरिडोर बनाने की घोषणा की थी। अनूपपुर में मां नर्मदा लोक की कार्ययोजना बनाने का फैसला लिया था। क्या मोहन सरकार बताएगी, इस निर्णय पर कितना काम हुआ ? मैं फिर से भाजपा पूछ रहा हूं कि धर्म, आस्था और विश्वास के नाम पर झूठ बोलने का आदतन अपराध कब तक करती रहेगी ? वहीं पीसीसी चीफ ने सीएम और पूर्व सीएम को चुनौती दी है। पटवारी ने कहा कि मैं पूर्व और वर्तमान मुख्यमंत्री से अनुरोध करता हूं,'अगली बार जब भी अमरकंटक आएं, हाथी प्रतिमा के नीचे से निकल कर दिखाएं। इसके अलावा प्रदेश अध्यक्ष ने अमरकंटक में गरीबों को कंबल का वितरण किया। इसके बाद जीतू पटवारी पुष्पराजगढ़ विधानसभा की बैठक के लिए निकल गए। आपको बता दें कि जीतू पटवारी तीन दिवसीय दौरे अनूपपुर दौरे पर हैं। जहां वे तीनों विधानसभा अनूपपुर, पुष्पराजगढ़ और कोतमा में कार्यकर्ताओं की बैठक करेंगे और संगठन के विस्तार के लिए कार्यकर्ताओं से चर्चा करेंगे।